तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण: चरचा में राष्ट्रभक्ति के साथ आयोजन



## खबर संक्षेप

### दीपेश ने संभाली सिटी कोतवाली की कमान



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह द्वारा किए गए विभागीय फेरबदल के बाद शुक्रवार की शाम नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी ने सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण के अवसर पर कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों ने उनका स्वागत किया, इसके बाद उन्होंने थाने का निरीक्षण किया और कर्मचारियों के साथ औपचारिक परिचय बैठक की। पदभार संभालने के बाद मीडिया से चर्चा में टीआई दीपेश सैनी ने कहा कि अपराध नियंत्रण, नशे के कारोबार पर अंकुश और आम नागरिकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही अपराध नियंत्रण संभव है। किसी भी असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पीजी कॉलेज में विविध कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर एवं जयश्री प्रजापति के संयोजन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहले चरण में एक भारत आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। दूसरे चरण में युवा नेतृत्व राष्टीय एकता का नया साधन विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. बृजेश कुमार पांडेय, श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं डॉ. रामयश पाल रहे। परिणाम स्वरूप रीता प्रथम स्थान, सुभद्र सिंह द्वितीय एवं चांसी राजवाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ. आशुतोष देउस्कर, डॉ. विनय शुक्ला एवं भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता में पक्ष से ललित कुमार तथा विपक्ष से आयुष साहू विजेता घोषित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कुलदीप ओझा ने किया।

### कल्चुरी कलार सम्मेलन रतनपुर में आज

**अंबिकापुर।** भारतीय कल्चुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा द्वारा 9 नवंबर को मां महामाया मंदिर रतनपुर के प्रांगण में विशाल कल्चुरी कलार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्याम लाल जायसवाल ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य हमारे संस्कृति, हमारे समाज, संगठन, हमारी एकता को मजबूती प्रदान करना है ताकि राजनीतिक दलों प्रशासनिक विभागों में हमारे संगठन मजबूती के साथ सामने आ सके।

## चरचा में दर्दनाक हादसा: मौत के बाद परिजन का आक्रोश

# बस ने युवक को कुचला, घंटों सड़क जाम



सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन करते परिजन।



परिजन को समझाइश देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 अंबेडकर नगर निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

जानकारी के अनुसार राजेश्वर कुमार उम्र 29 वर्ष रात लगभग 10 बजे रेलवे स्टेशन के पास किसी कार्य से गए थे। वे सड़क किनारे पैदल मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 7933 जो कर्मचारियों को लेकर आ रही थी,उसी दौरान राजेश्वर को जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और युवक को टक्कर मारने के बाद करीब 100-200 मीटर तक घसीटते हुए रौंद दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। जब तक आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, तब तक राजेश्वर की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। राजेश्वर कुमार चरचा के एक यामाहा शो-रूम में कार्यरत थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले एकमात्र सदस्य थे। उनकी पत्नी और दो नन्ही बेटियां एक मात्र दो वर्ष की और दूसरी चार माह की अब असहाय स्थिति में हैं। पड़ोसियों और सहकर्मियों के अनुसार राजेश्वर मिलनसार और जिम्मेदार युवक थे। उनकी असमय मृत्यु से अंबेडकर नगर सहित पूरे चरचा क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि हादसे में शामिल एसईसीएल की बस को जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, तथा रिपोर्ट आने के बाद शासन की ओर से 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि परिजन को दी जाएगी। इसी के साथ कंपनी के अधिकारियों ने भी मृतक के परिजन को तत्काल 25 हजार रूपए देने की बात कही। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता और स्थायी रोजगार देने की मांग की है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी चालक और संबंधित कंपनी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### परिजन का फूटा आक्रोश, किया सड़क जाम

दुर्घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सुबह होते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिकों ने चरचा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। उनका कहना था कि घटना के कई घंटे बाद तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आए और न ही बस चालक की तत्काल गिरफ्तारी हुई। मृतक के पिता ने बताया कि हमारा बेटा चला गया, परिवार तबाह हो गया, पर न कोई एसईसीएल अधिकारी संवेदना जताने आया, न पुलिस प्रशासन ने समय पर कार्रवाई की, अब हमें केवल न्याय चाहिए। समाचार लिखे जाने तक जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। परिजन ने मुआवजा, दोषी चालक की गिरफ्तारी और पीड़ति परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग कर रहे हैं।

### तेज रफ्तार पर लगे लगाम

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में बसें अक्सर तेज गति से रिहायशी इलाकों में चलती हैं, जिससे कभी भी बड़े हादसे की संभावना बनी रहती है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, स्पीड ब्रेकर और सुरक्षा निगरानी प्रणाली लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो।

## शिक्षक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में, पढ़ाई प्रभावित

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कोरिया जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम बीते 4 नवंबर से शुरू हो गया है, जो आगामी माह 4 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्य के लिए बुथ लेवल अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है जो घर-घर जाकर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य करने के लिए जुट गए हैं। कोरिया जिले के बैकुंठपुर व सोनहत तहसील क्षेत्र में उक्त कार्यक्रम शुरू हो गया है। बूथ लेबल अधिकारी यानी बीएलओं ज्यादातर शिक्षकों को ही बनाया गया है, ऐसे में बीएलओं बने शिक्षक मतदाता सूची में गहन विशेष पुनरीक्षण कार्य में व्यस्त हो गए हैं, इसके चलते विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिले के कई प्राथमिक विद्यालयों में दो ही शिक्षक पदस्थ है, इनमें से एक हेड मास्टर है और दूसरा शिक्षक को बीएलओं बना दिया गया है, ऐसे में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य महत्वपूर्ण कार्य होने के कारण बीएलओं घर घर फार्म वितरीत कर अपने कार्य में जुट गए हैं, इसके चलते विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कोरिया जिले के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों में दो-तीन की संख्या में शिक्षक है, इनमें से एक बीएलओं कार्य में एक माह के लिए व्यस्त हो गए हैं। इस कारण से विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई निश्चित रूप से प्रभावित हो रही है। आगामी माह छमाही परीक्षा आयोजित होगी, इसके पूर्व ही विद्यालयों के शिक्षक बीएलओं कार्य में व्यस्त हो गए हैं और विद्यालय में पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### एक शिक्षक के भरोसे विद्यालय

कोरिया जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शरू हो गया है। जिले के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों में दो शिक्षक पदस्थ हैं,इनमें एक हेड मास्टर तथा दूसरा सहायक शिक्षक बीएलओं बनाए गए हैं। बीएलओं के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में व्यस्त होने के कारण विद्यालय में बचे हेडमास्टर को ही कई कक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी आ गई है, ऐसे में पढ़ाई निश्चित रूप से प्रभावित हो रही हैं, वहीं एचएम को कई तरह के विभागीय डाक भी बनाने पड़ते हैं, ऐसे में निश्चित रूप से प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है।



## नवनियुक्त बीईओ गोपाल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शैक्षिक समन्वयक संघ कोरिया द्वारा विकासखंड बैकुंठपुर के नव नियुक्त विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे का स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी के द्वारा कहा गया कि कोरिया जिले में सकारात्मक माहौल है, शिक्षा के क्षेत्र में हम सभी को टीम बनाकर कार्य करना है, जिससे जिले का नाम रौशन हो। शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष बृजराज गिरी और जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि आपका नेतृत्व हमे मिला यह बड़े सौभाग्य की बात है। तत्पश्चात स्वागत समान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बीआरसी प्रमुख नीलेश शुक्ला, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल,प्रांतीय उपाध्यक्ष बृजराज गिरी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संध्या मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष छत्रपाल राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी मो. नय्यर अंसारी, संगठन सचिव सुशील शुक्ला, जितेन्द्र साहू, संजय यादव सहित सीएसी साथी उपस्थित रहे।

## नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने लिया राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेन्द्रगढ़ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान संस्थान में अध्ययनरत जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर राष्टगीत को नमन किया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस अमर राष्टगीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में स्वाभिमान और राष्टभक्ति की ज्योत जगाई थी। आज छात्रों ने इस गीत के माध्यम से देशभक्ति, समर्पण और सेवा की भावना को पुनर्जीवित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने राष्ट निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लेते हुए नर्सिंग क्षेत्र में सेवा, मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैसे वंदे मातरम ने देश में नई ऊर्जा और चेतना का संचार किया, वैसे ही वे भी स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। कार्यक्रम में संस्था संचालक डॉ. अखिलेश कुमार ओझा, प्राचार्य, उप-प्राचार्य पूजा दीवान, प्रोफेसर श्रीमती चांदनी सिंह, सुश्री पूजा गुप्ता, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्रीमती विनीता राजवाड़े, अर्जुन प्रजापति, सुशील पपिया बनर्जी एवं संस्थान की व्यवस्थापक श्रीमती मंजू वैश्य सहित समस्त शिक्षकगण एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वंदे मातरम का संगान कर राष्टगीत के प्रति सम्मान व्यक्त किया और मां भारती के प्रति श्रद्धा प्रकट की।

## राहुल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** सोशल मीडिया पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियों ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है।

इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की प्रतियां पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी प्रेषित की गई हैं। शिकायत में कहा गया है कि फेसबुक पर लगातार राहुल गांधी के खिलाफ भ्रामक, झूठी और अमर्यादित टिप्पणियां की जा रही हैं, जो न केवल व्यक्तिगत मर्यादा का उल्लंघन हैं बल्कि समाज में राजनीतिक द्वेष और वैमनस्य फैलाने का प्रयास हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि माध्यमिक शाला बरहोरी, विकासखंड़ भरतपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक प्रदीप पयासी ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के प्रति अत्यंत अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है, जो छग सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही नीलेश मिश्रा, जो स्वयं को भाजपा समर्थक बताते हैं, ने फेसबुक पर भड़काऊ पोस्ट करते हुए राहुल गांधी जी के खिलाफ अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया और झूठे दावे करते हुए समाज में नफरत फैलाने का प्रयास किया। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव का कहना है कि इस तरह की पोस्ट लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि कर उनके विरूद्ध कठोर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई की जाए।

## धीरेन्द्र शास्त्री की पदयात्रा में शामिल होंगे गौसेवक

**बैकुण्ठपुर।** बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा भारत को हिन्दू राष्ट बनाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने सहित अन्य संकल्पों को लेकर दिल्ली से वृंदावन तक की पदयात्रा शुरू की गई। इसमें कोरिया जिले के भी काफी संख्या में गौरक्षा सेवा के पदाधिकारी एवं सनातन प्ेरमी उक्त यात्रा में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार उक्त रैली में शामिल होने के लिए गौरक्षा वाहिनी कोरिया के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे के नेतृत्व में काफी संख्या में गौ सेवक



बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन से बीते दिनों दिल्ली के लिए ट्रेन से रवाना हुए, सभी गौ सेवक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के पदयात्रा में शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार सनातन हिन्दू पदयात्रा 7 नवंबर को दिल्ली के छत्तरपुर मंदिर से शुरू हो गया है, जो विभिन्न स्थानों पर पडाव करते हुए 16 नवंबर को बांके बिहारी मंदिर वृंदावन पहुंच कर समाप्त होंगी। उक्त पदयात्रा का प्रमुख संकल्प समाज में समरसता स्थापित करने, भारत एक गौरवशाली हिन्दू राष्ट बनाने, मॉ यमुना स्वच्छ और सुंदर करने, बृजधाम क्षेत्र मॉस और मदिरा से पूर्णतः मुक्त करने, गौ माता को राष्ट माता का सम्मान दिलाने तथा गौ अभ्यारण्य की स्थापना करने, प्राचीन वृंदावन पुनः स्थापित कर वहां के मंदिर और वज सुरक्षित करने तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य तथा दिव्य मंदिर का निर्माण करना शामिल है।

## 32 लाख की ठगी का मामला, पुलिस की विशेष टीम को मिली सफलता

# ऑनलाइन ठगी के दो फरार आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सिटी कोतवाली बैकुंठपुर इलाके के बहुचर्चित 32 लाख रूपए ऑनलाइन ठगी प्रकरण में पुलिस ने दो वर्ष से फरार चल रहे हरियाणा निवासी 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



गिरफ्तार आरोपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी बिजेन्द्र कुमार यादव पिता धरमदेव यादव उम्र 72 वर्ष निवासी जूनापारा बैकुंठपुर ने बीते 21 मई 2023 को थाना बैकुंठपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मोबाइल पर रात लगभग 8 बजे एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। परिचित समझकर कॉल रिसीव करने पर स्क्रीन पर एक युवती अश्लील स्थिति में दिखाई दी। कॉल बंद करते ही प्रार्थी के मोबाइल पर गंदी तस्वीरें भेजकर 50 हजार रूपए की मांग की गई तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। धमकी भरे संदेशों से भयभीत होकर प्रार्थी से 22 मई से 24 मई 2023 के बीच अलग-अलग खातों में कुल 32 लाख रूपए ठग लिए गए। पुलिस ने प्रकरण में धारा 388, 420, 120 बी भादवि एवं 66 (ग) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी।

इस मामले में आरोपी किसन कुमार उर्फ कृष्ण कुमार व नीरज कुमार को वर्ष 2023 में ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां दोनों को 3-3 वर्ष के कारावास की सजा हो चुकी है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### वीडियो कॉल से रहें जागरुक

इस मामले में प्रार्थी के साथ हुई घटना के आधार पर कोरिया पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपरिचित नंबर से आए वीडियो कॉल बिल्कुल भी रिसीव नहीं करें। अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करना साइबर ठगों की नई चाल है। ऐसे अपराधी गंदी तस्वीरें भेजकर पैसे की मांग करते हैं और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हैं। किसी भी हाल में राशि नहीं भेजें, यह सीधा साइबर अपराध है। तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। कॉल, चैट या फोटो के स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें, यह जांच में सहायक होता है।



ख़बर संक्षेप

### गरीबी और बीमारी से जूझ रही कौशल्या ने लगाई मदद की गुहार

**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत पुरानडीह की 30 वर्षीय महिला कौशल्या देवी पति विकास कुमार पिछले चार महीनों से अपने घर नहीं जा रही हैं। मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो चुकी कौशल्या कभी छठ घाट, कभी मंदिर परिसर तो कभी गांधी मैदान में अपना समय बिताती है। वह अपनी तीन साल की मासूम बेटी लक्ष्मी के साथ खुले आसमान के नीचे दिन-रात गुजार रही हैं। जानकारी के अनुसार कौशल्या का परिवार अत्यंत गरीब है। पति विकास कुमार पल्लेदारी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि परिवार कौशल्या का इलाज कराने में सक्षम नहीं है। बावजूद इसके विकास रोजाना तीन वक्त का भोजन अपनी पत्नी और बेटी तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। कौशल्या का कहना है कि वह नहीं चाहतीं कि उनके कारण परिवार परेशान हो, इसलिए उन्होंने घर से दूर रहना ही बेहतर समझा। बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से काफी टूट चुकी हैं। आस-पास के लोग भी उनकी स्थिति देखकर दुखी हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में कोई मदद नहीं कर पा रहे। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से कौशल्या देवी को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई मांग की है वहीं कौशल्या ने भी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर इलाज हो जाए तो कौशल्या फिर से सामान्य जीवन जी सकती हैं और अपनी छोटी बच्ची की परवरिश अच्छे से कर पाएंगी।

### सेजेस जयनगर में बच्चों को बांटी निःशुल्क सायकल



**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजेस जयनगर में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई,इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े उपस्थित रहे,कार्यक्रम में देवधन राम बिंझिया,हरीशचंद्र राजवाड़े,मो.इसराईल, शांतनु सिंह चौहान,जाहिद अली, विनोद बिंझिया, नंद कुमारी राजवाड़े, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद तथा विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने विद्यार्थियों को देशभक्ति से ओतप्रोत प्रेरक उद्बोधन दिया,उनके विचारों से विद्यार्थी उत्साहित हुए और एक अच्छे नागरिक बनने का संकल्प लिया,मंत्री प्रतिनिधि द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई,कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया,मंच संचालन श्रीमती अमृता सिंह द्वारा किया गया।

### अमृत ब्रांड ने राज्योत्सव में बढ़ाई स्थानीय उत्पादों की चमक

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को नई ऊर्जा मिली। जिला पंचायत कोरिया के अंतर्गत बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने कोरिया अमृत ब्रांड के उत्पादों के माध्यम से अपनी व्यवसायिक पहचान को और अधिक मजबूत किया। इस दौरान महिला समूहों के स्टॉलों पर ग्राहकों की उल्लेखनीय भीड़ रही और उत्पादों की अच्छी-खासी बिक्री हुई। राज्योत्सव में कोरिया अमृत मोदक, कोरिया अमृत आचार, मिलेट्स कैफे, गढ़ कलेवा, महिला युग एफपीसी के कृषि उत्पाद, टेराकोटा कला, बांस हस्तशिल्प तथा वंदना मसाला जैसे स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पाद आकर्षण का केन्द्र बने। बिहान महिला समूहों द्वारा लगाए गए कुल छह स्टॉलों पर स्थानीय स्वाद और ग्रामीण हुनर का सुंदर संगम दिखाई दिया। रोशनी महिला समूह (मिलेट्स कैफे) 75 हजार रूपए, प्रगति महिला समूह (कोरिया अमृत आचार) 48 हजार रूपए, ज्योति महिला समूह (कोरिया अमृत मोदक) 35 हजार रूपए, वंदना महिला समूह (वंदना मसाला) 28 हजार रूपए, महिला युग एफपीसी (कृषि उत्पाद) 20 हजार रूपए, कर्मा एफपीसी (कर्मा उत्पाद) 12 हजार रूपए, केवीके किसान समूह (कृषि प्रदर्शन) 5 हजार 600 रूपए, माँ वैष्णव महिला समूह (टेराकोटा) 6 हजार 200 रूपए बांस कला हस्तशिल्प (शिल्प उत्पाद) 2 हजार 690 रूपए इस तरह कुल 2 लाख 32 हजार 490 रूपए की बिक्री हुई।

## वंदे मातरम का सामूहिक गायन कर दिया गया राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश

# पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में गूंजा वंदे मातरम



वंदे मातरम कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विधायक प्रबोध मिंज, राजकुमार टोप्पो, महापौर मंजूषा भगत एवं जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह की उपस्थिति में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी राष्ट्रभक्ति, मातृभूमि के प्रति समर्पण और एकता का प्रतीक है। जब पूरा समाज एक स्वर में इस गीत को गाता है, तब भारत की आत्मा बोल उठती है। यह आयोजन सरगुजा की राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गौरव का उत्कृष्ट उदाहरण है। अखिलेश सोनी ने कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्रवाद, संस्कृति और समाज की एकता के भाव को सर्वोपरि मानती है। वंदे मातरम् हमारे आत्मसम्मान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों भारतीयों में देशप्रेम की ज्वाला जगाई थी।

कार्यक्रम में संजय सुरीला ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। अंत में कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प का वाचन किया तथा उपस्थित जनों ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह, कमलभान सिंह, अम्बिकेश केशरी, हरपाल सिंह भामरा, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अरूणा सिंह, देवनारायण यादव, करताराम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर पीएम श्री स्कूल में कार्यक्रम



**सूरजपुर।** वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पीएम श्री सेजेस नवापारा में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा, जिसे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साह, उल्लास और गौरव का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सृजनशीलता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा सहायक संचालक रविन्द्र सिंहदेव, प्राचार्य मनोज कुमार झा और समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् गीत केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में 520 विद्यार्थियों एवं 36 शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### राष्ट्रगीत कई पीढ़ियों को करता है प्रेरितः राजवाड़े



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम पर आधारित विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष मे वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् रचना को स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं की अनगिनत पीढ़िओं को प्रेरित करने वाली रचना बताया। उन्होने कहा यह भारत की राष्ट्रीय पहचान और सामूहिक भावना का चिरस्थायी प्रतीक है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं, यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, और एक दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को इस राष्ट्रीय गीत के महत्व और उसके ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराना हम सभी का दायित्व है, ताकि उनमें भी राष्ट्रप्रेम और समर्पण की वही भावना जागृत हो सके। पूर्व गृह मंत्री एवं वन विकास के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने कहा कि वंदे मातरम के महत्व को समझने के लिए, इसके ऐतिहासिक मूल को जानना बहुत ज़रूरी है। यह एक ऐसा मार्ग है, जो साहित्य, राष्ट्रवाद और भारत के स्वाधीनता संग्राम को जोड़ता है। उन्होने कहा कि भारत की आज़ादी के दीवानों के लिए वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक मंत्र था। इस दौरान शैलेश अग्रवाल, लोकेश पैकरा, बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, सत्यनारायण सिंह, शशिकांत गर्ग, अजय अग्रवाल, संत सिंह, कलेक्टर एस जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### नपं में किया गया वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण

**लखनपुर।** नगर पंचायत परिसर में दूरदर्शन पर प्रसारित राष्ट्रव्यापी लाइव कार्यक्रम का सामूहिक रूप से अवलोकन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्षभर चलने वाले विशेष समारोह की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान पीएम ने अपने संदेश में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, पार्षद समीम खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, दिनेश कुमार, चंद्रशेखर चौधरी, श्रीमती माला ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### 150वीं वर्षगांठ पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन

**.वाड्रफनगर।** वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह स्वंतत्रता आंदोलन का प्राण स्वर रहा है तथा असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की। सहायक प्राध्यापक डॉ.तोयाज शुक्ल ने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के साहित्यिक योगदान तथा इसके सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना से जुड़े पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### वंदे मातरम का अधिकारी कर्मचारियों ने किया समूह गायन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार 7 जुलाई को भारत सरकार के निर्देश पर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्र गीत वंदे मातरम का कोयलांचल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारी कर्मचारियों ने वंदे मातरम गीत सामूहिक रूप गायन किया,कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रसारित प्रधानमंत्री के संबोधन का



सीधा प्रसारण किया गया,इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम गीत की रचना स्वतंत्र रूप से की गई थी जो कि पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुई थी जिसके आज 150 वर्ष पूरे हो गए हैं,राष्ट्रीय गीत के सम्मान में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,वंदे मातरम का आशय संतान होता है जो अपनी मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं।हम देश भारत मां को देवी के रूप में पूजते हैं।वंदे मातरम आनंद मठ में गाया जाने वाला गीत है,यह राष्ट्र भक्ति के धर्म का प्रतीक था जो आनंद मठ का मुख्य विषय था।महाप्रबंधक ने उपस्थित जनों को बताया कि इस गीत का देश की आजादी में। बहुत बड़ा योगदान था।कार्यक्रम में महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन एस के पी शिंदे,एरिया सेल्स ऑफिसर जी किशोर सहित क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी इस दौरान उपस्थित थे। डीएवी विद्यालय सहित कार्मेल कांवेंट स्कूल में भी आज राष्ट्र गीत वंदे मातरम का समूह गान बच्चों एवं शिक्षकों ने किया साथ ही प्रधानमंत्री के इस अवसर पर संबोधन का दिल्ली से लाइव प्रसारण बच्चों ने देखा सुना।इस दौरान पीएम द्वारा जारी किए गए स्मारक डाक टिकट एवं सिक्का को भी बच्चों ने देखा और करतल ध्वनि से सम्मान किया।पीएम के दिए संदेश मां भारती के प्रति सम्मान देश प्रेम, एकता और आजादी की रक्षा करने का संकल्प प्राचार्य सिस्टर मर्लिन अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने दोहराया।प्राचार्या सिस्टर मार्लिन ने कहा कि वंदे मातरम न केवल हमारे इतिहास की याद दिलाता है बल्कि हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने देश अपनी संस्कृति और अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें।

# सोनपुर पंचायत के बरपानी पहुंचे पीएचई के एसडीओ, जनपद उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं होने तथा नाला के गंदा पानी पीने को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आई बल्कि ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज विधायक, सांसद एवं कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई विभाग के अधिकारी सहित जनपद उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि गांव पहुचे । ग्रामीणों ने अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से गांव में एक हैंडपंप खनन कराने सहित अन्य मांग की।

आदिवासी सुदूर अंचल में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, कलेक्टर राजेंद्र कटारा द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पीएचई के एसडीओ को तत्काल ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होने के निर्देश दिए। निर्देश पर अमल करते हुए आज पीएचई विभाग के एसडीओ केरकेट्टा, जनपद पंचायत जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी सोनपुर ग्राम पंचायत के बरपानी पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याएं सूनी। ग्रामीणों ने बताया गया कि आज आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी हम लोगों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीण काफी परेशान है। सड़क की समस्या का हल प्रधान मंत्री जन मन योजना के तहत हल हो गई है। बोर मशीन आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है। गिट्टी से भरे हाईवा इस सड़क में आना जाना करते है। ग्रामीणों ने गांव में एक हैंडपंप खनन करवाने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने छोटे छोटे बच्चों के पढ़ने के लिए 5 साल से अधूरे पड़े आंगनवाड़ी भवन को पूर्ण करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा आंगनवाड़ी की राशि निकालकर गमन कर दिया गया है जिससे आज तक आंगनबाड़ी भवन अधूरा है। जिस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ श्री केरकेट्टा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर तत्काल एक दो दिन के भीतर विभाग की ओर से एक बोर खनन कराने की बात कही।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम बंजारीडांड की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भगवन्ती पिता/पति माधव सिंह जाति गोंड निवासी बंजारीडांड तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा आदित्य कुमार निवासी बंजारीडांड का जन्म/मृत्यु दिनांक 03/03/2009 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 6/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम बंजारीडांड की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भगवन्ती पिता/पति माधव सिंह जाति गोंड निवासी बंजारीडांड तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा अभिषेक कुमार निवासी बंजारीडांड का जन्म/मृत्यु दिनांक 03/03/2009 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 6/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

### एसईसीएल प्रबंधन व प्रशासनिक अमले की उपस्थिति में ग्रामीणों से चर्चा, अमेरा खदान में कार्य पुनः शुरू



**बिश्रामपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक में संचालित एसईसीएल बिश्रामपुर की अमेरा खुली खदान परियोजना को पांच माह बाद एक बार फिर शुरू करा लेने में क्षेत्रीय प्रबंधन ने सफलता अर्जित की है।बता दें कि अमेरा खदान का परसोढ़ी कला गांव में विस्तार की कवायद लंबे समय से जारी है,गांव की 473 एकड़ भूमि का एसईसीएल प्रबंधन ने वर्षों पूर्व अधिग्रहण किया है जिसमें 236 प्रभावित भू स्वामियों को घटते क्रम में नौकरी देना प्रस्तावित है।प्रबंधन पिछले छह माह से गांव की शासकीय भूमि जो अधिग्रहित है उससे कोयला निकालने भू सतह की मिट्टी हटाने जब काम शुरू करती है, तब सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाठी डंडे के साथ विवाद करने उपस्थित हो जाते है, पिछले 8 माह में कई बार ग्रामीण और प्रबंधन के अधिकारियों ठेकेदार का आमना सामना हो जा रहा है,छह माह पूर्व भी कोयला सैंपलिंग के दौरान प्रबंधन के अधिकारी पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था,अभी करीब एक माह पूर्व भी सैकड़ों महिला पुरुषों ने पीसी मशीन जो कोल फेस तक पहुंचने कच्ची सड़क निर्माण कर रहे ऑपरेटर और ठेका कंपनी के मैनेजर से मारपीट कर पीसी मशीन सहित कई वाहनों में पथराव कर तोड़फोड़ कर दिया था।घटना के बाद प्रबंधन ग्रामीणों से लगातार संवाद का प्रयास कर रही थी।आज शुक्रवार को प्रशासनिक अमले व पुलिस की उपस्थिति में गांव के ग्रामीणों के साथ खदान परिसर में चर्चा कर समझाइश के साथ खदान को पुनः शुरू करा लिया गया है।

**LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)**
**LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY**
lcitsop.edu.in | Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh | lcitcop.edu.in

FOR ENQUIRY
APPROVED BY
Institution's Innovation Council | Virtual Labs | National Digital Library of India

Choose The Best
CHOOSE LCIT



ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
- D. Pharmacy
- B. Pharmacy
- M. Pharmacy
  - Pharmaceutics

9340512388

"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"

2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy<br>B.Pharmacy (Lateral) | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| D.Pharmacy<br>M.Pharmacy | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
- 60% Overall Placement Rate
- 100% Student Satisfaction
- Library with e-journals & Digital Resources
- Placement Cell for Job Opportunities
- MOU's with Pharma Companies
- Well-equipped Laboratories

8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE

Placement Stars of the Year
Shivaji Rao Bhonsle — Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Khushboo Agrawal — Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur — B. Pharmacy
Saket Ruben Chand — Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd — B. Pharmacy
Khushi Gupta — Company Name:- SGS Technologies/Intellipaat — B. Pharmacy
Neeraj Soni — Company Name:- Apollo Pharmacy — B. Pharmacy
Tomesh Shrivas — Company Name:- Cadila Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Nikhil Vaishnav — Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Sandhya Kumari — Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur — B. Pharmacy
Bharti Shrivas — Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd — B. Pharmacy
Kishan Barekar — Company Name:- Mark Hospital, Bilaspur — B. Pharmacy
Avinash Pal — Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Ritik Rajak — Company Name:- Biogen Serums Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Aakash Kaushik — Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Prakhar Pandey — Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur — B. Pharmacy
Hitendra Patel — Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd — B. Pharmacy
Ritika Thakur — Company Name:- AIDER Healthcare Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Bhavan Singh — Company Name:- Collabera Technologies Pvt. Ltd. — B. Pharmacy
Niranjan Bhagat — Company Name:- Zydus Healthcare Ltd. — B. Pharmacy

Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa
Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur
Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.

Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555



# पृथ्वीराज एसएसएमबी 29 में कुम्भा के किरदार में आएंगे नजर

**मुंबई।** एसएस राजामौली की मच अवेटेड आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अब अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक सामने आया है। साथ ही मेकर्स ने उनके किरदार के नाम की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स ने शुक्रवार को पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक रिवील किया है। फिल्म की अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन एक व्हील चेयर जैसी एक कुर्सी पर बैठे हैं, जो एक रोबोट मालूम पड़ती है। क्योंकि इसके पीछे से रोबोट की तरह हाथ निकले हुए हैं। पृथ्वीराज इस कुर्सी पर काले रंग का सूट पहने हुए बैठे हैं। वो कैमरे की ओर काफी गुस्से से देख रहे हैं। उनको देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे वो पैरालाइज्ड हैं। इसके साथ ही उनके किरदार का नाम भी सामने आया है। उनके किरदार का नाम 'कुम्भा' है। इसको शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा है, 'उठिए और कुम्भा' से मिलिए।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी का पहला गाना चिकिरी-चिकिरी रिलीज



संगीतकार एआर रहमान और गायक मोहित चौहान द्वारा तैयार किया गया गाना 'चिकिरी-चिकिरी' रिलीज हो गया है। यह सॉन्ग राम चरण और जान्हवी कपूरी की आगामी फिल्म पेद्दी का है। इसमें अभिनेता के अनोखे डांस और जान्हवी कपूर के ठुमके दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'चिकिरी चिकिरी' गाने के वीडियो में साउथ अभिनेता राम चरण को शानदार हुक स्टेप करते हुए देखा जा सकता है। एक्टर के लंबे बाल, दाढ़ी और अलबेले डांस स्टेप्स दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। इस गाने में जान्हवी कपूर की बात की जाए तो वो बिल्कुल बेफिक्र अंदाज में दिख रही हैं। उनके डांस मूव्स नेटिजंस को आकर्षित कर रहे हैं। 'चिकिरी चिकिरी' गाने में एआर रहमान ने संगीत दिया है। वहीं इसे आवाज दी है मोहित चौहान ने। गायक के सुरीली आवाज ने इस गाने को और भी खास बना दिया है, जिससे ये एक बेहतरीन म्यूजिकल ट्रैक बन गया है। यह फिल्म 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को सभी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

'पेद्दी' में राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा दिव्येंदु शर्मा, शिव राजकुमार और जगपति बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बुचि बाबू सना द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस फिल्म का निर्माण सुकुमार राइटिंग्स, मैत्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज द्वारा हो रहा है। वहीं इसे वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले संयुक्त रूप से तैयार किया जा रहा है। फिल्म में ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान संगीत तैयार कर रहे हैं, रत्नवेलु छायांकन, कोल्ला अविनाश कला निर्देशन और नवीन नूली संपादन का काम संभाल रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एआई की वजह से एग्जाम में हो गईं फेल

**लॉस एंजिल्स।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का क्रेज समय-समय के साथ-साथ बढ़ता जा रहा है। ऑफिस के काम करने से लेकर पढ़ाई करने तक, कई कामों में यह काफी उपयोगी है। हालांकि, रियलिटी स्टार किम कार्दशियन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे चैटजीपीटी ने उन्हें लॉ की पढ़ाई के दौरान टेस्ट में फेल करवाया। किम ने बताया है कि वह लीगल सलाह के लिए ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी का इस्तेमाल करती हैं। वह अक्सर कानूनी सवालों की तस्वीरें खींचकर चैटजीपीटी पर अपलोड करती हैं। हालांकि, इसके बाद भी चैटजीपीटी उनका भरोसेमंद स्टडी पार्टनर साबित नहीं हुआ।



# 'किंग ऑफ पॉप' की बायोपिक माइकल का टीजर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन का कॅरियर भले ही विवादों से घिरा रहा हो, लेकिन इतना तो जरूर है कि दुनिया में उन जैसा ना कोई था, ना कोई है और ना ही कभी कोई होगा। 29 अगस्त 1958 में पैदा हुए माइकल की 25 जून 2009 को 50 साल की उम्र में मौत हो गई। अब निधन के 16 साल बाद माइकल जैक्सन पर बायोपिक आ रही है, नाम है 'माइकल', जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन इस फिल्म में अपने चाचा 'किंग ऑफ पॉप' का किरदार निभा रहे हैं। माइकल जैक्सन की यह बायोपिक अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है। 29 साल के जाफर जैक्सन खुद भी एक सिंगर, डांसर और एक्टर हैं। वह माइकल जैक्सन के भाई जर्मेन जैक्सन के बेटे हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक रिकॉर्डिंग बूथ से होती है, जहां हमें युवा माइकल दिखते हैं। एक आवाज उनसे कहती है, 'मुझे पता है कि आप इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।' 'माइकल' फिल्म में माइल्स टेलर, वकील जॉन ब्रैंका की भूमिका निभा रहे हैं। पिछले दिनों एंडी कोहेन के टॉक शो में उन्होंने स्वीकार किया कि बचपन में वे माइकल के 'बहुत बड़े फैन' थे।



# चार साल बाद रूसी फिल्म से करेंगी वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा अब बॉलीवुड नहीं, बल्कि एक रूसी फिल्म से कमबैक कर रही हैं। शुक्रवार को पूजा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' की खास झलक शेयर की है। पूजा ने अपनी नई रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' के सेट से कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनने की खुशी जताई और कहा कि कला और फिल्मों की कोई सीमा नहीं होती। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा कि इस प्रोजेक्ट में काम करके उन्हें बहुत मजा आया। पूजा ने फिल्म निर्माता जो राजन के साथ मिलकर एक अंग्रेजी लघु फिल्म 'इकोज ऑफ अस' भी बनाई है। यह फिल्म प्रेम, दुख और मानवीय रिश्तों की कहानी है, जिसमें कथित तौर पर सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर हैं। यह यूलिया की पहली फिल्म है।



# 42 साल की उम्र में दिया बेटे को जन्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल में से एक कटरीना कैफ और विक्की कौशल अब माता-पिता बन गए हैं। कटरीना ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है, जो बेटा है। खुद कपल ने अपने चाहने वालों के साथ इस गुड न्यूज को शेयर किया है। विक्की कौशल और 42 वर्षीय कटरीना ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक ग्रीटिंग कार्ड सा है, जिस पर एक बच्चा बना हुआ है और बड़ा सा बेबी बॉय लिखा हुआ है। इस पर लिखा है, 'हमारी झोली खुशियों से भर गई है। बड़े प्यार और दुलार से हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं।' इसके साथ ही विक्की कौशल ने कैप्शन में सिर्फ ब्लेस्ड लिखकर रेड हार्ट इमोजी और ओम बनाया है। कटरीना कैफ ने 23 सितंबर 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी।

## टीवी मसाला



# 12.50 लाख के सवाल पर अटकी कंटेस्टेंट 2 लाइफ लाइन भी नहीं आईं काम

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 6 नवंबर के एपिसोड में महाराष्ट्र की कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। वे स्टेट लेवल का ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीत चुकी हैं। उन्होंने नेशनल लेवल पर अपने राज्य को रीप्रेजेंट भी किया है। अमिताभ बच्चन भी उनकी प्रतिभा से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने शुरुआती 10 सवालों के जवाब देने के लिए सिर्फ एक लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए के 10वें सवाल पर किसी लाइफ लाइन का इस्तेमाल नहीं किया था। सवाल है- 'प्रथम खो को विश्व कप 2025 के फाइनल में, भारतीय पुरुष और महिला, दोनों टीमों ने किस टीम को हराकर अपना-अपना खिताब जीता?' विकल्प हैं- ए. नेपाल बी. केन्या सी. ऑस्ट्रेलिया डी. ईरान। उन्होंने विकल्प ए. नेपाल को चुना, जो सही है। कंटेस्टेंट से अमिताभ ने 12.50 लाख रुपए का सवाल किया, जो स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है। सवाल है- 'किस स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के लिए एक बम का परीक्षण करते समय हुई थी?' विकल्प हैं- ए. भगवती चरण वोहरा बी. सचिंद्र नाथ सान्याल सी. राजेंद्र लाहिरी, डी. सचिंद्र बक्षी। कंटेस्टेंट ने जवाब देने के लिए अपनी दोनों लाइफ लाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा। हालांकि, उन्होंने विकल्प सी. राजेंद्र लाहिरी पर ताला लगाने के कहा, जो गलत साबित हुआ। इसका सही जवाब विकल्प ए. भगवती चरण वोहरा है। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं।

## इस वीकेंड बनेगा एक्शन, थ्रिल और ड्रामा से खास

नई दिल्ली। वीकेंड नजदीक आते ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नई कंटेंट की बौछार हो गई है। राजनीतिक ड्रामा से सुपरहीरो एक्शन, रोमांस से फैमिली ड्रामा तक... इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जीयोहॉटस्टार, सोनी लिव और जी5 जैसी सर्विसेज पर वैरायटी से भरपूर रिलीज आ रही हैं। मार्वल के 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' से लेकर ह्यूमा कुरैशी की 'महारानी सीजन 4' तक, ये कलेक्शन बिंज-वॉचिंग मूड को परफेक्टली सूट करेंगे। हुमा कुरैशी 'रानी भारती' के रोल में लौट गई हैं। सोनी लिव 'महारानी सीजन 4' आ गया है। 90s की घटनाओं पर बेस्ड यह पॉलिटिकल थ्रिलर में रानी प्रधानमंत्री को चैलेंज करती है, बिहार की सत्ता हासिल करने के लिए स्ट्रैटेजी अपनाती है। द फैंटास्टिक फोर- फर्स्ट स्टेप्सः बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली मार्वल की यह फिल्म अब डिजिटल पर आ गई। पेड्रो पास्कल और वैनसा किर्बी स्टारर में चार हीरोज, रीड रिचड्र्स, सू स्टॉर्म, जॉनी स्टॉर्म और बेन ग्रिम गैलेक्टस नामक बुरे एलियन से धरती बचाते हैं। नेटफ्लिक्स 7 नवंबर को जैकब एलोर्डी और ऑस्कर आइजैक स्टारर फिल्म 'फ्रैंकनस्टीन' लॉन्च हो गया है।




# प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस और इंटीरियर डिजाइनर थीं जरीन

**मुंबई।** संजय खान की पत्नी जरीन कटरक का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। शुक्रवार की सुबह मुंबई स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जरीन के परिवार में उनके पति और बच्चे सुजैन खान, सिमोन अरोड़ा, फराह अली खान और जायेद खान हैं। वो ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान की मां थीं। जरीन हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, जिनमें तेरे घर के सामने (1963) जैसी फिल्में शामिल थीं, जहां उन्होंने देव आनंद के साथ काम किया था। जरीन कटरक एक प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस और इंटीरियर डिजाइनर थीं जिन्होंने 1960 और 1970 के दशक में अपनी पहचान बनाई। अपनी सुंदरता और संतुलन के लिए जानी जाने वाली, वह उन शुरुआती चेहरों में से एक थीं जिन्होंने भारत के फैशन को आकार देने में मदद की। जरीन हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, जिनमें तेरे घर के सामने (1963) जैसी फ़िल्में शामिल थीं, जहां उन्होंने देव आनंद के साथ काम किया था। हालांकि, संजय खान से अपनी शादी के लिए भी वो जानी जाती थीं।



### जरीन और संजय खान की शादी

दोनों ने 1960 में शादी कर ली और बॉलीवुड में सबसे ग्लैमरस जोड़ियों में से एक बन गए। अपने जीवन की चकाचौंध के बावजूद, जरीन ज़्यादातर लाइमलाइट से दूर रहीं और अपने परिवार और घर पर ध्यान दिया। वह सुजैन खान, जायेद खान और फैशन डिजाइनर फराह खान अली की मां भी हैं। सार्वजनिक पहचान से परे, जरीन को उनकी सुंदरता, कला और बिजनेस के बीच शालीनता बनाए रखने के लिए भी सराहा गया।

### सुजैन खान ने मां को किया विश

2021 में, सुजैन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी मां के जन्मदिन पर उनके साथ तस्वीरें शेयर कीं। सुजैन ने लिखा, 'मजबूत महिलाएं पीड़ित नहीं बनतीं, वे खुद को दयनीय नहीं दिखातीं। उनके दिलों में तूफान आ सकता है, फिर भी उनकी मुस्कान प्यार और क्षमा से भरी होती है। बात यह है कि वे जीवन से बेहद प्यार करती हैं और समझती हैं कि शिकायत करने लायक कुछ भी नहीं है। मेरी मम्मी, आप शालीनता और शक्ति की प्रतिमूर्ति हैं। मैं आपकी बहुत आभारी हूं। जन्मदिन मुबारक हो मां, आप मेरी सबसे पसंदीदा इंसान हैं। हमने यह सब आपसे सीखा है।'

# द फैमिली मैन 3 का ट्रेलर देख उत्साहित हुए फैंस

**मुंबई।** श्रीकांत तिवारी वापस आ रहे हैं। मनोज बाजपेयी की लोकप्रिय और सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। एक बार फिर श्रीकांत तिवारी अपनी टीम के साथ एक नए मिशन पर निकले हैं। हालांकि, इस बार कहानी में कई ट्विस्ट और नए एंगल देखने को मिलेंगे। फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। द फैमिली मैन' राज और डीके द्वारा निर्मित व निर्देशित है। यह 21 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगा। एक यूजर ने 'द फैमिली मैन 3' के ट्रेलर की तारीफ की है। यूजर ने कहा कि 'द फैमिली मैन' इकलौती भारतीय सीरीज है, जिसने कभी निराश नहीं किया। एक अन्य यूजर ने नए सीजन की कास्ट की तारीफ करते हुए लिखा कि इस बार सीरीज और भी बड़े स्तर पर नजर आ रही है। जयदीप अहलावत और मनोज बाजपेयी की टक्कर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कुछ नेटिजेंस ने सीजन 3 को पिछले दोनों सीजन से बड़ा और अधिक खतरनाक बताया है। दर्शकों का कहना है कि यह सीजन सबसे अलग होने वाला है। मनोज बाजपेयी को देखकर दर्शक उत्साहित हैं और उनके काम की तारीफ कर रहे हैं।



## बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम गीत की रचना 7 नवंबर 1875 को की थी

# इन फिल्मों में अलग-अलग अंदाज में सुनाई दिया राष्ट्रगीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। 7 नवंबर को देशभर में इसका जश्न मनाया गया। इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने 1875 में 7 नवंबर को अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर की थी। यह गीत चटर्जी के उपन्यास आनंदमठ में पहली बार दिखाई दिया था। कई चर्चित फिल्मों में भी 'राष्ट्रीय गीत' अलग-अलग अंदाज में सुनने को मिला है।

### आनंद मठ

आमतौर पर देशभक्ति फिल्मों या किसी फिल्म के देशभक्ति वाले दृश्यों को फिल्माते वक्त राष्ट्र गीत वंदे मातरम को बैकग्राउंड में बजाया जाता रहा है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम को लिखा, जिसके बाद इसमें धीरे-धीरे बदलाव देखा गया। बदलाव की यह शुरुआत बॉलीवुड में भी समय के साथ देखी गई। सबसे पहले 'वंदे मातरम' गीत को साल 1952 में आई फिल्म 'आनंद मठ' में लता मंगेशकर ने गाया, जिसकी धुन को एक नए धागे में हेमंत कुमार ने पिरोया।

### कभी खुशी कभी गम

शाहरुख खान, ऋतिक रोशन, काजोल, करीना कपूर, अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रानी मुखर्जी अभिनीत यूं तो यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, मगर इसमें भी 'वंदे मातरम' गीत सुनाई दिया। यह गाना ऐसे पल पर सुनने को मिला कि दर्शक न सिर्फ भावुक हो गए, बल्कि देशभक्ति की भावना उमड़ उठी। इस फिल्म में उषा उत्थुप और कविता कृष्णमूर्ति ने यह गीत गाया।



### फाइटर

ऋतिक रोशन, अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'फाइटर' में भी 'द फाइटर एंथम' के रूप में वंदे मातरम सुनने को मिला। यह एक देशभक्ति एक्शन फिल्म है।

### मां तुझे सलाम

साल 1997 में ए.आर. रहमान के प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से लोकप्रिय गैर-फिल्मी एल्बम ट्रैक में 'वंदे मातरम' टाइटल ट्रैक के रूप में पेश किया गया।

### ऑपरेशन वैलेंटाइन

मानुषी छिल्लर और वरुण तेज अभिनीत यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया 'वंदे मातरम' गीत सुनने को मिला। इसके अलावा साल 2019 में आई 'इंडियाज मोस्ट वॉन्टेड' फिल्म में भी राष्ट्रगीत बजा। पापोन, अल्तमश फरीदी और अमित त्रिवेदी द्वारा गाए गए गीत का वर्जन शामिल किया गया।

### सलाकार

इसी साल आई हिंदी जासूसी फिल्म 'सलाकार' में भी 'वंदे मातरम' काफी अलग लेकिन रोचक अंदाज में सुनने को मिला। सूर्य शर्मा, नवीन कस्तूरिया और मौनी रॉय अभिनीत यह फिल्म अगस्त में रिलीज हुई थी।

### एबीसीडी 2

साल 2015 में आई इस फिल्म में 'वंदे मातरम' को इसके साउंडट्रैक में शामिल किया गया। इसे काफी अलग, लेकिन दिलचस्प अंदाज में पेश किया गया है।

### ऑपरेशन वैलेंटाइन

मानुषी छिल्लर और वरुण तेज अभिनीत यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया 'वंदे मातरम' गीत सुनने को मिला। इसके अलावा साल 2019 में आई 'इंडियाज मोस्ट वॉन्टेड' फिल्म में भी राष्ट्रगीत बजा। पापोन, अल्तमश फरीदी और अमित त्रिवेदी द्वारा गाए गए गीत का वर्जन शामिल किया गया।

### रोमियो अकबर वाल्टर

साल 2019 में आई जॉन अब्राहम अभिनीत इस फिल्म में 'वंदे मातरम' को सोनू निगम ने सुरीली आवाज में गाया। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में राष्ट्र गीत के इस वर्जन को बतौर साउंडट्रैक इस्तेमाल किया गया।

### वंदे मातरम फिल्म

साल 1985 में राष्ट्रीय गीत के नाम पर एक तेलुगु फिल्म बनाई गई। टी. कृष्णा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विजयशांति और डॉ. राजशेखर लीड रोल में नजर आए।

## खबर संक्षेप

### नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम में पूनम को मिली जिम्मेदारी



**मनेन्द्रगढ़।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शुरू किए गए कांग्रेस की आवाज नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम के अंतर्गत गठित प्रदेश समिति एवं सरगुजा जोन टीम में मनेन्द्रगढ़ की सक्रिय युवा कांग्रेसी नेत्री पूनम सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। यह कार्यक्रम युवाओं में राजनीतिक जागरूकता, संवाद कौशल और संगठनात्मक नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर पूनम सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल तथा संगठन के मार्गदर्शक पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस बाबा के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व का विषय है और मैं कांग्रेस की गांधीवादी विचारधारा और संगठन के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी। कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने बताया कि कांग्रेस की आवाज कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी युवाओं को प्रवक्ता, मीडिया प्रतिनिधि और विचारशील नेतृत्व के रूप में उभरने का अवसर प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवंबर से किया गया है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर रखी गई है। 21 से 25 नवंबर के बीच आवेदनों की स्क्रीनिंग तथा 25 से 30 नवंबर तक रीजनल फिजिकल इंटरव्यू आयोजित होंगे। अंतिम चरण में 1 से 5 दिसंबर के बीच पैनल डिस्कशन एवं फाइनल इंटरव्यू होंगे। पूनम सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम नए जोश, नई आवाज और नई पहचान का प्रतीक है।

### गिरने से घायल बालक की गई जान

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कदनी निवासी जनकू मझवार शहर के नवागढ़ में परिवार के साथ रहकर मजदूरी का काम करता है। गत दिन जब पति-पत्नी मजदूरी करने गए थे तभी 7 वर्षीय पुत्र आशीष मझवार मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ घर के समीप खेल रहा था तभी गिर गया। शाम का परिजन घर आए तो बालक ने पिता से गिरने तथा दर्द होने की बात बताई। परिजन बालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

### किसान संघ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नेतृत्व में कुसमी एवं शंकरगढ़ के किसान संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित क्षेत्र के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास स्थान रायपुर में मुलाकात की। साथ ही क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कुसमी एवं शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत सहकारी बैंक के कर्मचारियों द्वारा बिना लोन लिए किसान के खाते में लोन की राशि होना बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि किसानों के खाते में एक से दो लाख ऋण होना बताया कर किसानों के खाता को होल्ड कर दिया गया है, जिससे किसानों के खाते में ऋण होने के कारण इस वर्ष न तो किसान खाद बीज ले पाए न ही उन्हें खाद बीज बैंक द्वारा दिया गया।

## महाअभियान की शुरूआत देशभर के साथ उत्साहपूर्वक की गई

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्णः चरचा में राष्ट्रभक्ति के साथ आयोजन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।



देशभर में वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ एक गौरवशाली और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत अवसर के रूप में मनाई जा रही है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक पर्व वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में कोरिया जिले के नगर पालिका शिवपुर चरचा, स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों और एसईसीएल प्रबंधन के सहयोग से शुक्रवार को इस महाअभियान की शुरूआत देशभर के साथ उत्साहपूर्वक की गई।

7 नवंबर को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कार्यक्रम का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया, इसके बाद नगर पालिका शिवपुर चरचा परिषद में वर्चुअल प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ केवल एक स्मरणीय अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। यह आयोजन नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए उनमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय चेतना की भावना को गहराई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है। इसकी गूंज हर नागरिक के हृदय में नई ऊर्जा, प्रेरणा और गर्व का संचार करती है।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन पश्चात नगर पालिका शिवपुर चरचा परिषद में वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, पार्षद श्रीमती रामकली पाल, प्रदीप तिवारी, महेश्वरी पैकरा, प्रवीण कुमार राजवाड़े, सफाई निरीक्षक हरिश जायसवाल, महेन्द्र पाल, उदय, ज्वाला, राज किशोर सिंह सहित काफी संख्या में पार्षदगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल देशभक्ति गीतों और नारों से गूंज उठा। उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्रभक्ति की भावना का सजीव प्रदर्शन किया। संस्कृति मंत्रालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वंदे मातरम 150 वर्ष महाअभियान चार चरणों में मनाया जाएगा। 7 से 14 नवंबर, 19 से 26 जनवरी, 7 से 15 अगस्त (हर घर तिरंगा अभियान के साथ 1 से 7 नवंबर तक। इन चरणों में जिले, जनपदों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों व सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति पर आधारित आयोजन किए जाएंगे।

## वंदे मातरम की गूंज, आज हिन्दू सभा का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। राष्टगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हिन्दू सभा मनेन्द्रगढ़ द्वारा रविवार 9 नवंबर को एक भव्य सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन मातृभूमि के प्रति सम्मान एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम रविवार शाम 4:30 बजे, जय स्तम्भ के पास अमर शहीद स्मारक पर आयोजित होगा। हिन्दू सभा द्वारा क्षेत्र के समस्त नागरिकों को इस कार्यक्रम में भाग लेने केलिए आमंत्रित किया गया है। संगठन ने व्यापारिक संस्थाओं, पत्रकार साथियों, बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ माता-बहनों एवं युवाओं से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्टगौरव की इस अनूठी पहल को सफल बनाएं। हिन्दू सभा द्वारा जारी संदेश में कहा गया है कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत मां के वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने वंदे मातरम के उद्घोष के साथ स्वतंत्रता की ज्वाला जलाकर देश की आजादी में अमर योगदान दिया। इस अवसर पर सामूहिक स्वर में राष्टगीत का गायन कर देशभक्ति की भावना को मजबूती प्रदान की जाएगी तथा नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति एवं राष्टगौरव की चेतना जागृत की जाएगी। हिन्दू सभा मनेन्द्रगढ़ के जिलाध्यक्ष रामचरित द्विवेदी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय आत्मसम्मान, त्याग और वीरता का शाश्वत प्रतीक है। ब्रिटिश शासन काल में इस गीत ने स्वतंत्रता सेनानियों के हृदय में जोश भर दिया था और आज भी यह भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हिन्दू सभा के संरक्षक सुदर्शन अग्रवाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे समय पर उपस्थित होकर इस राष्टभक्ति महोत्सव का हिस्सा बनें और वंदे मातरम के सामूहिक गान से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दें। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, स्कूली छात्रों और सामाजिक संगठनों की विशेष भागीदारी अपेक्षित है।

## डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से करें जमा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।



एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक उमेश शर्मा ने कोयला खदान क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों के पेंशनधारियों से अपील की है कि वे शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में अपना डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से जमा करें।

उन्होंने कहा कि पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों को प्रतिवर्ष जीवित प्रमाण पत्र का सत्यापन कराना आवश्यक होता है, ताकि बैंक खातों में निरंतर पेंशन भुगतान सुनिश्चित हो सके। इस वर्ष यह प्रक्रिया 10 से 12 नवंबर तक चलेगी। क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने बताया कि सभी पेंशनधारी अपने नजदीकी बैंक शाखा, कॉमन सर्विस सेंटर या निर्धारित ई-केन्द्र में जाकर डिजिटल माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं, इसके लिए आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या एवं मोबाइल नंबर का लिंक होना जरूरी है। बैंक द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि पेंशन वितरण में कोई बाधा न आए। उन्होंने पेंशनधारियों से अपील किया कि वे समय-सीमा का पालन करते हुए अनिवार्य रूप से प्रमाण पत्र जमा करें, अन्यथा उनके पेंशन भुगतान में अस्थायी रोक लग सकती है। श्री शर्मा ने बताया कि बैंक एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि पात्र पेंशनधारियों को इस प्रक्रिया में हरसंभव सहायता प्रदान की जाए। विशेषकर वृद्ध पेंशनधारियों के लिए मोबाइल वैन सुविधा एवं स्थानीय सहायता केन्द्रों के माध्यम से भी प्रमाण पत्र भरने की व्यवस्था की जाएगी।

## स्काउट संस्थापक दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्काउट एंड गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेडन के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा मनेन्द्रगढ़ में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमसीबी जिला के जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, सहायक जिला शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पाण्डेय, संस्था के प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह, पिपरिया विद्यालय के प्राचार्य विनोद पाण्डेय, प्राचार्य वेद प्रकाश पाण्डेय, स्काउट के जिला सचिव अशोक साहू, स्काउटर राजेन्द्र मिश्रा तथा संतोष यादव सहित स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे द्वारा स्काउट के संस्थापक लॉर्ड बेडन के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित स्काउट-गाइड दल एवं अतिथियों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की गई। इसमें विभिन्न धर्मों के शांति संदेश एवं मानवता के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में देशभक्ति और अनुशासन के उत्साह से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने लॉर्ड बेडन पावल के प्रेरणादायक जीवन, उनके आदर्शों, त्याग, अनुशासन, निष्ठा, सेवा एवं मानवता के पथ पर चलने के संदेश को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्काउट आंदोलन का मूल मंत्र समाज सेवा एवं चरित्र निर्माण है। विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, साहस, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामूहिक कार्य तथा नैतिक शिक्षा का संचार करती हैं।

## ऑनलाइन मतदाता फॉर्म जमा करने में सावधानी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा अन्य अपडेट के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा करने वाले नागरिकों को चुनाव आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन फॉर्म केवल वही मतदाता स्वयं भर सकते हैं, क्योंकि यह प्रक्रिया ई-हस्ताक्षर आधारित है।

जानकारी के अनुसार मतदाता पहचान पत्र (2025) एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम पूरी तरह समान होना आवश्यक है। ई-हस्ताक्षर की सुविधा का उपयोग करने के लिए दोनों दस्तावेजों में नाम की समानता अनिवार्य रखी गई है। साथ ही यह भी आवश्यक है कि मतदाता का मोबाइल नंबर उसके मतदाता पहचान पत्र से लिंक हो, जिसका मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, उन्हें पहले फॉर्म 8 भरकर अपना नंबर लिंक कराना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि फॉर्म 8 भी केवल ई-हस्ताक्षर के माध्यम से ही जमा किया जा सकेगा। वे मतदाता जो इन शर्तों को पूरा नहीं करते, उनके लिए ऑफलाइन प्रक्रिया उपलब्ध रहेगी।

## कलेक्टर ने प्रतापपुर विकासखंड के विभागीय कार्यों का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**सोनगरा।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज प्रतापपुर विकासखंड का दौरा कर विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एकीकृत जलसंग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने किसानों के धान फसल उत्पादन का निरीक्षण किया और आगामी रबी फसल विस्तार कार्य योजना पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत झिंगादोहर पहुंचकर जलग्रहण समिति की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा किए जा रहे बकरी पालन कार्य की जानकारी ली और उन्हें आय वृद्धि हेतु बकरी पालन को और विस्तार देने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही क्षेत्र में उपलब्ध सिंचाई साधनों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा कलेक्टर ने ग्राम सकलपुर में कृषि विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रतापपुर अंतर्गत खोरमा में निर्माणाधीन मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आरईएस, जल संसाधन एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर स्थल निरीक्षण कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। साथ ही सारासोर में पीएचई विभाग के निर्माण कार्य और गोवर्धनपुर में विद्यालय भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को सभी कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।




शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा विभाग मनेन्द्रगढ़ में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत रिटेल ट्रेड में पढ़ाई कर रही छात्राओं ने पिछले दिनों औद्योगिक भ्रमण के लिए मनेन्द्रगढ़ के बीएस मार्ट, सुपरमार्केट का दौरा किया। इसमें स्कूल की कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की छात्राएं सम्मिलित हुई। संस्था के व्यावसायिक प्रशिक्षक कुलदीप नामदेव ने बताया कि नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हर शैक्षणिक सत्र में कम से कम दो औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है, जिसके द्वारा छात्राएं अपनी पढ़ाई से संबंधित कार्य स्थल का मुआयना कर सके, तकनीकी जानकारी ले सके एवं भविष्य में स्वयं के रोजगार के लिए अपने आप को तैयार कर सकें। रिटेल प्रशिक्षक कुलदीप नामदेव ने औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को प्रोडक्ट के क्वालिटी, लेबलिंग की जानकारी, पैकेजिंग, रिटेल मैनेजमेंट, रैक पर उत्पाद रखने की तकनीक, ग्राहकों को खरीदी के लिए ब्रांड के प्रति मार्गदर्शन देने के साथ-साथ बिलिंग प्रोसेस की बारीकियों को प्रायोगिक रूप से अध्ययन में सहयोग दिया। संस्था के संचालक कैलाश अग्रवाल ने बच्चों को औद्योगिक भ्रमण करने में काफी ज्यादा मदद की और साथ ही साथ बच्चो की कुछ रिटेल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। छात्राओं को कोऑर्डिनेटर करने के लिए स्कूल की शिक्षिका मिस चांदनी मैडम, मिस जया मैडम और विद्यालय में बीएड के लिए प्रशिक्षण कर रही स्मृति मैडम ने भी अपना समय और योगदान दिया। इस पूरे औद्योगिक भ्रमण में संस्था के प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह, व्याख्याता विजय राव गोपाल, नारायण तिवारी एवं शिक्षक रामरक्षा द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

## एमसीबी में दो उच्चस्तरीय पुल निर्माण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।



लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में दो महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन पुलों के निर्माण से जिले के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुविधा में व्यापक सुधार होगा तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

बिछिया टोला से कोतमा मार्ग पर बरने नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 453.02 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। पुल की कुल लंबाई 176 मीटर (08 स्पान, प्रत्येक 22 मीटर) है। वर्तमान में स्लैब ढलाई का कार्य प्रगतिरत है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह कार्य मई 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पुल के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बरसात के दौरान नदी पार करने में आने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा कृषि उपज के परिवहन में सुविधा होगी। मनेन्द्रगढ़ में कौड़ीमार पैनारी मार्ग पर हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 1303.81 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के अंतर्गत स्वीकृत है। पुल की लंबाई 192 मीटर (08 स्पान, प्रत्येक 24 मीटर) है। निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति के अनुसार 1 एबटमेंट पूर्ण, 1 एबटमेंट प्रगति पर, 1 पीयर पूर्ण तथा 6 पीयर प्रगति पर हैं। यह कार्य जून 2026 तक पूर्ण किये जाने की संभावना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ऑनलाइन ठगी के...

अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। अग्रिम विवेचना के दौरान पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन एवं एसडीओपी राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हरियाणा में दबिश देकर दो फरार आरोपी अक्षय कुमार उम्र 25 वर्ष व लोकेश कुमार उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया। इनके खातों में ठगी की रकम में से 12 लाख व 4 लाख रूपए ट्रांसफर हुए थे। आरोपियों द्वारा खाते खोलने में उपयोग किए गए मोबाइल और सिम कार्ड को भी जब्त किया गया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस सफलता में थाना प्रभारी निरीक्षक बिपिन कुमार लकड़ा, प्रधान आरक्षक दीपक पाण्डेय एवं आरक्षक दिनेश उइके का सराहनीय योगदान रहा।

## हाई स्कूल कसकेला में छात्राओं को दी गई विधि संबंधी जानकारी




**बिश्रामपुर।** जिले भर में चलाए जा रहे सायबर जन संवाद, सुगम सफर सूरजपुर के तहत शासकीय हाई स्कूल कसकेला में विद्यार्थियों व शिक्षकों को साइबर जागरूकता व यातायात नियम के संबंध में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। श्री गुप्ता द्वारा सायबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट व यातायात नियम का पालन करने के अलावा संदिग्धों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आह्वान भी किया गया। छात्रों को बताया गया कि सायबर फ्रॉड के मामले आए दिन बढ़ रहे हैं, आप अपने बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पासवर्ड, ओटीपी किसी को शेयर न करें, अनजाने काल व वीडियो कॉल न उठाएं एवं मोबाइल में किसी भी लिंक को स्वीकार न करें। इस दौरान लटोरी चौकी से आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, सुनील एक्का, महिला आरक्षक सुनीता सोनपाकर व अन्य उपस्थित रहे।







